मैथिली पुस्तक का किया गया विमोचन

दरभंगा। एमएलएसएम कॉलेज में मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिनाथ सिंह ठाकुर रचित मैथिली पुस्तक महाराज महेश ठाकुर ओ कंकाली भगवती के दूसरे संस्करण का विमोचन किया गया। डॉ. रानी मिश्र ने कहा कि डॉ. ठाकुर रचित यह पुस्तक मिथिला के अनुद्घाटित इतिहास के अनेक गवाक्षों को खोलने में सार्थक सिद्ध हुई है। डॉ. तीर्थ नाथ मिश्र, डॉ. अमरकांत कुमर, डॉ. रामचंद्र सिंह चंद्रेश, डॉ. विनय कुमार झा, डॉ. मीनू कुमारी, डॉ. कैलाश नाथ मिश्र ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. ज्वाला चंद्र चौधरी, डॉ. भवनाथ झा, डॉ. अरुण कुमार ठाकुर, डॉ. सुप्रिता शालिनी, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. रंजन कुमार झा, अनूप कुमार झा आदि उपस्थित रहे।